

# प्रकाश रूपी रोशनी का महापर्व दीपोत्सव आज, सजा बाजार



### बाजार में दिखा लोगों का हुजुम, कपड़ा, सर्राफा, इलेक्ट्रानिक्स, मिष्ठान पर हुई खूब खरीदारी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 19 अक्टूबर।** पांच दिवसीय प्रकाश पर्व रोशनी का महापर्व दीपावाली का मुख्य त्यौहार आज नगर सहित जिले भर में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजार में दीप पर्व दीपावली पर बाजार में लोगों का अंबार उमड़ा और लोग अपनी जरूरतों के अनुसार बाजार में खरीदारी करते हुए नजर आए। बाजार में लोगों का हुजुम उमड़ा जिसमें अधिकांशत: कपड़ा, सर्राफा, इलेक्ट्रानिक्स, मिष्ठान पर हुई खूब खरीदारी हुई।

शहर के प्रमुख बाजार सर्राफा मार्केट, गांधी चौक, कोर्ट रोड़, सदर बाजार जैसे प्रमुख बाजार में लोगों की आवाजाही बनी रही। नगरवासियों के द्वारा त्यौहार को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक ओर जहां मिष्ठान विक्रेताओं ने आकर्षक मिठाई बनाकर अपनी दुकानों को सजाया है तो दूसरी ओर धनतेरस पर बर्तनों सहित सोने-चांदी के आभूषण की खरीदी के बाद लक्ष्मीपूजन की तैयारियां की गई है। दीपावली के इस त्यौहार पर आतिशबाजी विक्रेताओं की दुकानें गांधी पार्क मैदान एवं सिद्धेश्वर स्थित प्रांगण में लगाई गई है जहां से छोटे-बड़ों सहित बच्चों के द्वारा आतिशबाजी की खरीदी अपने परिजनों के साथ की जा रही है। इसके अलावा शहर के प्रमुख मार्ग स्थल कोर्ट रोड़ पर हाथठेलों पर सजी दुकानें जो दीपावली के त्यौहार की रंगत को बढ़ा रही थी जिन पर घर-आंगन सजाने सहित रोशनी करने वाली झालरों की कतारें देखने को मिली। लक्ष्मी पूजन के लिए दीपक के दिए सहित रूई एवं अन्य सामग्री वितरण को लेकर भी महिलाऐं-पुरूष विक्रय करते हुए नजर आए और लोगों ने इनकी खरीदी भी की। शहर के कोर्ट रोड़, गांधी चौक, सदर बाजार, न्यू ब्लॉक, ठण्डी सड़क, अस्पताल चौराहा, कष्टमगेट आदि स्थानों पर भी लोगो की आवाजाही रही और दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की कतार भी शहर के प्रमुख स्थलों पर देखने को मिली और लोगों ने अपने-अपने वाहनों को पार्किंग क्षेत्र के अतिरिक्त स्थान मिलने पर वाहनों को खड़ा कर बाजार से खरीदी की। दीपावली के त्यौहार पर कोर्ट रोड़, मिर्ची बाजार गली सहित चौराहे के आसपास हाथ ठेला चालकों से भी कोई कर नहीं वसूला गया और सभी ने अपना-अपना कारोबार मन मुताबिक किया। यहां कोर्ट रोड़, मिर्ची वाली गली आदि स्थानों पर हाथ ठेलों पर लोगों ने अपना रोजगार का साधन बनाया और जरूरी सामग्री का विक्रय किया। यहां हाथ ठेलों को लेकर व्यवस्था भी बनाई गई है जिसमें कोर्ट रोड़ पर दो पट्टियों के रूप में हाथ ठेलों पर लोग दीपावली की सामग्री बिक्री करते हुए नजर आए। घर-घर में यह दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है जिसमें विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के साथ महालक्ष्मी पूजन होगा तत्पश्चात जोरदार आतिशबाजी व नए-नए कपड़ों में सज-धज कर लोग परिवार के साथ मिलकर दीपावली का यह पर्व मनाऐंगें। दीपावली के इस पर्व पर शहर के कपड़ा बाजार में भी खूब खरीदारी हुई तो वहीं दुपहिया वाहनों को भी शोरूम पर पहुंचकर कई ऑफर का लाभ दिलाते हुए विक्रय किया गया।

### सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस-प्रशासन रहा मुस्तैद

दीपावली के अवसर पर भीड़ भाड़ वाले इलाके कोर्ट रोड़, माधवचौक चौराह, गुरूद्वारा, झांसी तिराहा, फिजीकल मार्ग सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस-प्रशासन मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा। जहां शहर के गांधी पार्क मैदान व सिद्धेश्वर टेक पर में आतिशबाजी बाजार सजा हुआ है यहां भी पुलिस-प्रशासन के द्वारा पर्याप्त सुरक्षा, पानी व अन्य व्यवस्थाऐं की गई है ताकि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी पर तत्काल घटना पर नियंत्रण पाया जा सके।

# पूर्व मंत्री राठखेडा ने स्थानीय दुकानदारों से की मुलाकात

### मिट्टी के दीपक खरीदकर बेटी का बढ़ाया उत्साह



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 19अक्टूबर।** पोहरी नगर मे पूर्व मंत्री सुरेश राठखेडा ने लोकल फ़ॉर वोकल अभियान के तहत इस दीपावली पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री सुरेश राठखेडा ने पोहरी नगर के बाजारों में पहुंचकर छोटे व्यापारियों एवं स्थानीय दुकानदारों से आत्मीय मुलाक़ात की। उन्होंने व्यापारियों का उत्साहवर्धन करते हुए देशी उत्पादों की खरीदारी कर च्आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक संदेश दिया। राठखेडा ने बाजार भ्रमण के दौरान एक बेटी के से मिट्टी के दीपक खरीदकर उसका उत्साह बढाया वही लोकल फ़ॉर वोकल का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस दीपावली पर हर घर की रौशनी में देशी कारीगरों की मेहनत और परंपरा की झलक दिखनी चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कई वस्तुओं पर त्रस्ञ दरों में की गई कमी से छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को राहत मिली है। उन्होंने इसे लोकल फ़ॉर वोकल अभियान की सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 19अक्टूबर।** दीप पर्व दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अवैध रूप से मदिरा विक्रय को लेकर उपायुक्त आबाकारी संदीप शर्मा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के मार्गदर्शन में वृत्त कोलारस प्रभारी राहुल गुप्ता के द्वारा अवैध मदिरा की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया गया जिसमें जरिए मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से आबकारी विभाग के द्वारा 07 पेटी देशी शराब बरामद प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। बताना होगा कि जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं संदीप शर्मा उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, ग्वालियर द्वारा सतत् कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध शुभम दांगोड़े, जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में वृत्त कोलारस क्षेंत्रातर्गत राहुल गुप्ता आबकारी प्रभारी द्वारा कोलारस में एक आरोपी से 07 पेटी देसी मदिरा प्लेन बरामद कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ए, 34(2) के तहत 01 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अवैध शराब की रोकथाम को लेकर आबकारी विभाग के द्वारा दीपावली के त्यौहार के बाद भी आगामी दिनों में भी मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

# आदिवासी बस्ती में पहुंचकर लायंस क्लब साउथ ने मनाई दीपावली



**शिवपुरी।** समाजसेवी संस्था लायंस क्लब शिवपुरी साउथ के द्वारा संस्था के उद्देश्य दीवाली विद स्लम रेसीडेंट्स सेवा गतिविधि के तहत एबी रोड़ स्थित ग्राम कठमई पहुंचकर आदिवासी परिजनों के बीच पहुंचकर दीपावली का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम कठमई के आदिवासी परिवार के बच्चों को आतिशबाजी और मिष्ठान का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए लायंस क्लब शिवपुरी साउथ अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि रोशनी का पर्व दीपावली का आयोजन डिस्ट्रीक्ट के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप आदिवासी बस्ती ग्राम कठमई में किया गया। यहां इन आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर संस्था के द्वारा सभी बच्चों को एवं उनके परिजनों को दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी, मिष्ठान एवं फल आदि का वितरण किया। इसके साथ ही बच्चों को कपड़ों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर आदिवासी बस्ती कठमई पहुंचे और यहां सभी बच्चों व आदिवासी परिवारों को साथ लेकर त्यौहार मनाया।

# धनवंतरी जयंती के साथ आयोजित हुआ आयुर्वेद सम्मेलन

### प्रांतीय अध्यक्ष एवम प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जीवंत संवाद



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 19 अक्टूबर।** आयुर्वेद सम्मलेन, शाखा जिला शिवपुरी द्वारा श्री धन्वंतरि जयंती का आयोजन संस्था के जिला संयोजक एवम प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र गुप्ता के निज निवास पर संचालित चिकित्सालय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला आयुष अधिकारी डॉ अनिल वर्मा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मैथिली शरण मिश्रा एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा कि गयी। इस धन्वंतरि जयंती कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह था, जब उज्जैन से संस्था के राष्ट्रीय महा सचिव डॉ एस एन पाण्डेय, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ विनोद बैरागी एवम प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ मुकुल पिण्डावला द्वारा संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित चिकित्सक साथियों के साथ जीवंत संवाद किया गया और सभी चिकित्सकों की हौंसला अफजाई और शंका समाधान किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में भगवान श्री धन्वंतरि जी की पूजा अर्चना की गयी। इसके पश्चात् उपस्थित चिकित्सकों में आगामी नवीन कार्यकारिणी के त्वरित गठन के सन्दर्भ में गहन विचार विमर्श हुआ और सामूहिक रूप से निर्णय हुआ कि शीघ्र ही नयी कार्यकारिणी गठित करके प्रांतीय एवम राष्ट्रीय कार्यालय को अवगत कराया जावेगा। कार्यक्रम को सभी सम्मानीय अतिथियों द्वारा सम्बोधित किया गया। इस पुनीत अवसर पर डॉ.अभिषेक तोमर, डॉ.जितेन्द्र बंसल, डॉ.सुरेश लोधी, डॉ.अजेन्द्र गुप्ता, डॉ.वीरेन्द्र कोरकू, डॉ.पुष्पेन्द्र कुशवाह, डॉ. रागिनी बुन्देला, डॉ.एस.एम.मिश्रा, डॉ.एस.के.चतुर्वेदी, डॉ.पी.डी.गर्ग, डॉ.एस.डी.गौतम, डॉ.आकाश कटारिया एवं डॉ.शाहरूख खान सहित बड़ी संख्या में शासकीय आयुष अधिकारी (डॉक्टर्स), प्राइवेट चिकित्सक मौजूद थे।

## भिण्ड

# विधायक ने सदर बाजार डिवाइडर पर किया पौधारोपण, व्यापारियों से की चर्चा




### दिवाली पर्व की तैयारियों का लिया जायजा, हॉकर्स जोन का निरीक्षण कर सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 19 अक्टूबर।** दीपावली पर्व के मद्देनजर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने शनिवार को सदर बाजार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाजार स्थित डिवाइडर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और स्वच्छ एवं सुंदर शहर अभियान को गति प्रदान की।

सदर बाजार में भ्रमण के दौरान विधायक कुशवाह हॉकर्स जोन पहुंचे। यहां उन्होंने हाथ ठेला लगाकर आजीविका चला रहे छोटे दुकानदारों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसी दौरान उन्होंने एक हाथठेले वाले दुकानदार से मिट्टी के दीये और भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां खरीदकर च्स्वदेशी अपनाओज् का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा त्योहार तभी सार्थक होगा जब हम स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देंगे। स्वदेशी अपनाना ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा योगदान है। विधायक कुशवाह ने बाजार के व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे दिवाली पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है, इसलिए सभी लोग अनुशासन और सहयोग की भावना बनाए रखें।

विधायक के साथ मौजूद प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों में पार्षद यश जैन, मनोज जैन, अमित सोनी, दशरथ सिंह भदौरिया, बड़े दद्दा, वीरेंद्र कोशल, पवन जैन, रज्जू जैन, ऋषभ जैन, शरद जैन, कल्लू जैन, हेमचंद जैन, मनीष जैन, संजीव कुमार जैन, देवकुमार जैन, बॉबी जैन एवं समस्त व्यापारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा

### पूर्व सैनिक संघ द्वारा शहीद स्तंभ पर दीपदान कर दी गई शहीदों को श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 19अक्टूबर।** शहर के सर्किट हाउस के पास स्थित शहीद स्तंभ पर 'एक दीप शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सैनिक संघ द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। यह कार्यक्रम भारत माता की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों की स्मृति और सम्मान में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्कूली बच्चे एवं पूर्व सैनिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दीपदान कर शहीदों को नमन किया। पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष मेजर राकेश सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं और समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा शहीदों के बलिदान को स्मरण रखना है। उन्होंने कहा कि शहर के लोग हर वर्ष स्वेच्छा से यहां आकर दीप जलाकर यह संदेश देते हैं कि देश अपने वीर सपूतों को कभी नहीं भूलता। कार्यक्रम की विशेषता रही कि स्कूल के बच्चों ने भी दीप जलाकर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया, जिससे नई पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना और प्रेरणा का संचार हुआ।



# ऊर्जा मंत्री दंदरौआ धाम पहुंचे, महंत रामदास महाराज से लिया आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 19अक्टूबर।** मध्य प्रदेश शासन के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, समाजसेवी अशोक भारद्वाज तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया रविवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दंदरौआ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने डॉक्टर हनुमान जी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा पश्चात सभी अतिथियों ने महंत रामदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत महाराज ने उपस्थित जनों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दंदरौआ धाम आस्था और अध्यात्म का केंद्र है, जहां आकर मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। इस दौरान मंत्री राकेश शुक्ला, समाजसेवी अशोक भारद्वाज और केपी सिंह भदौरिया ने महंत रामदास महाराज के साथ आगामी 9 नवंबर से प्रारंभ होने वाले 29वें सिय-पिय मिलन वार्षिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। यह महोत्सव महंत बाबा पुरुषोत्तम दास जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस सात दिवसीय महोत्सव में वाल्मीकि श्रीचरित्र मानस कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा वाचक महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि जी महाराज द्वारा किया जाएगा। धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। धाम परिसर में स्थानीय नागरिकों तथा भक्तों ने भी मंत्री और गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में रामवरन पुजारी, जलज त्रिपाठी, नगर परिषद अध्यक्ष मेहगांव कंचन (पिंटू) राठौर, एडवोकेट सुभाष राठौर, विष्णु काकोरिया, शिवशंकर कटारे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंत्री शुक्ला ने कहा कि दंदरौआ धाम न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि संस्कृति और सनातन परंपरा के संरक्षण का संवाहक भी है। आगामी महोत्सव से जिले की आध्यात्मिक छवि पूरे प्रदेश में और मजबूत होगी।

# पैतृक कार्य को स्वाभिमान से जोड़कर सम्मानित कर रहे



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 19अक्टूबर।** छोटी दीपावली के अवसर पर प्रकृति प्रेमी एवं समाजसेवी रामराज पुरोहित ने परंपरागत सेवा भावना और सामाजिक सद्भाव का परिचय देते हुए रौन एवं मिहोना नगर सहित आसपास के क्षेत्रीय गांवों में पहुंचकर अपने-अपने पैतृक कार्यों से समाज की सेवा करने वाले लोगों का सम्मान किया। उन्होंने माली, प्रजापति, बाल्मीकि, नामदेव, केवट, श्रीवास, कर्ण समाज के बंधुओं की दुकानों एवं घरों पर जाकर उन्हें माला पहनाकर, माता लक्ष्मी जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। ग्राम नौधा निवासी मिट्टी के बर्तन बनाने वाले श्री नारायण प्रजापति ने कहा कि पैतृक कार्य किसी प्रकार की हीन भावना नहीं, बल्कि स्वाभिमान और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के बर्तन बनाने से होने वाली आय से उनका परिवार सुखपूर्वक जीवन यापन कर रहा है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि अपने पैतृक कार्यों को गर्व के साथ अपनाएं, यह घर बैठे सम्मानजनक स्वरोजगार का साधन है। हमें स्वार्थी तत्वों के बहकावे में आकर अपनी विरासत नहीं छोड़नी चाहिए। नारायण प्रजापति ने कहा कि देश में सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए रामराज पुरोहित जैसे परमार्थी व्यक्तित्व अत्यंत आवश्यक हैं, जो साइकिल से गाँव-गाँव जाकर न केवल लोगों की बात सुनते हैं बल्कि पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं। रामराज पुरोहित ने कहा कि इन समाजों द्वारा वर्ष भर समर्पित भाव से किए जाने वाले कार्य पूरे समाज के लिए उपयोगी हैं। उन्हें सम्मानित कर स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का संदेश देना इस अभियान का मूल उद्देश्य है। इस पुनीत कार्य में मोनू सिंह कुशवाह, आशीष राठौर, राजा भैया नामदेव, अमित दुबे, नमस्वी शर्मा, भूपेंद्र भदौरिया सहित अन्य युवा साथी सक्रिय रहे।

# सुबह लोगों को होने लगा गुलाबी सर्दी का अहसास



**भिंड।** शहर में मौसम ने करवट ली और आज सुबह लोगों को गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा। धीरे-धीरे ठंडी हवाओं ने सुबह को और खुशनुमा बना दिया। सुबह टहलने निकले लोगों ने कहा कि हल्की ठंडक का यह एहसास सर्दी के आगमन का संकेत दे रहा है।

दीपावली के अवसर पर ही तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे लोगों ने गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिए हैं। बच्चों और बुजुर्गों में खास तौर पर इस ठंडक का असर देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। इस बदलाव ने सुबह की सैर को और भी मनमोहक बना दिया है, और लोग धीरे-धीरे सर्दियों की तैयारी में लग गए हैं। मौसम में इस बदलाव के साथ ही बाजार में गरम कपड़ों और सर्दी के मौसम के खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है।

**कार्यालय अधिष्ठाता श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.)**
ई-मेल: deanshivpuri@gmail.com वेबसाईट: https://shivpurimedicalcollege.com

क्रमांक. 10755 / क्रय/2025 शिवपुरी, दिनांक 15/10/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

श्रीमंत राजमाता विजयराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में लगने वाले आवश्यक कार्यालयीन प्रपत्रों, रजिस्टरों, प्रारूप एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों तथा फलेक्स/बैनर/ साइनेज इत्यादि के मुद्रण एवं मरम्मत हेतु दर अनुबंध किया जाना है जिस हेतु MPTENDER पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का टेंडर आईडी क्र.- 2025_DME_457653 है। अत: इच्छुक सुयोग्य आवेदक निविदा का विस्तृत विवरण MPTENDER की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया
चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी (म.प्र.)